NSW में प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ की सप्लाई करने की अनुमति किसे है: ऑनलाइन आपूर्तिकर्ता

यह दस्तावेज़ **प्लास्टिक रिडक्शन एंड सर्कुलर इकोनॉमी एक्ट 2021 (Plastic Reduction and Circular Economy Act 2021 – PRCE Act)** *प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ छूट 2022 (Plastic Single-Use Straw Exemption 2022)* पर ऑनलाइन आपूर्तिकर्ताओं के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है।

1 नवंबर 2022 के बाद NSW में व्यवसाय करते समय प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ देना सामान्यतः एक अपराध होगा। इसमें वाणिज्यिक, धर्मार्थ, खेल, शैक्षिक या सामुदायिक उद्देश्यों के लिए गतिविधि करते समय प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ देना शामिल है, और इसमें गैर-लाभकारी व्यवसाय, भागीदारी और एकल व्यापारी शामिल हैं।

प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ छूट 2022 उन व्यक्तियों को प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ की निरंतर आपूर्ति की अनुमति देता है, जिन्हें विकलांगता या अन्य चिकित्सा आवश्यकता के कारण प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ की आवश्यकता होती है, या किसी व्यक्ति को या संगठन को इसकी अनुमति देता है जो उनकी ओर से कार्य कर रहा है।

यदि आप प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ के ऑनलाइन सप्लायर हैं (उदाहरण के लिए, एक ऑनलाइन मार्केटप्लेस), तो आप उन व्यक्तियों को प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ बेच सकते हैं, जिन्हें विकलांगता या अन्य चिकित्सा आवश्यकता के कारण उनकी आवश्यकता होती है, या कोई व्यक्ति या संगठन उनके लिए काम करता है।

कोई भी व्यक्ति या संगठन किसी ऐसे व्यक्ति की ओर से कार्य कर सकता है जिसे प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ की आवश्यकता होती है, जिनमें देखभाल करने वाले, परिवार के सदस्य, दोस्त, शिक्षक, वृद्ध-देखभाल सुविधाएँ, परिषद, कैफे, स्कूल और अस्पताल शामिल हैं।

EPA सुझाव देता है कि आप उचित जाँच करें या कार्यविधि बनाएं (उदाहरण के लिए, खरीद से पहले एक बयान या ईमेल पुष्टि का होना) अपने आप को आश्वस्त करने के लिए कि प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ की आपूर्ति उस व्यक्ति के लिए है जैसा कि ऊपर पैराग्राफ में उल्लिखित है।

जबकि आपको PRCE अधिनियम या छूट के तहत प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ देना ज़रूरी नहीं है, हो सकता है कि आप ऐसा करना चाहें क्योंकि इससे उन लोगों को मदद मिलती है जिन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जीने के लिए उनकी आवश्यकता होती है।

यदि आप प्लास्टिक सिंगल-यूज स्ट्रॉ के निर्माता, उत्पादक या थोक व्यापारी हैं और आप ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्ट्रॉ बेचते हैं, तो आपको ऑनलाइन सप्लायर नहीं माना जाता है। इसके बजाय कृपया निर्माताओं, उत्पादकों और थोक विक्रेताओं के लिए मार्गदर्शन देखें।

NSW Environment Protection Authority (एनएसडब्ल्यू पर्यावरण संरक्षण प्राधिकरण)
ईमेल: info@epa.nsw.gov.au | **वेबसाइट:** www.epa.nsw.gov.au
EPA 2022P4008 | ISBN 978 1 922778 57 4 | सितंबर 2022
EPA **डिस्क्लेमर (अस्वीकरण)** और **कॉपीराइट** संबंधी जानकारी EPA वेबसाइट पर उपलब्ध है।

त्वरित संदर्भ मार्गदर्शिका

नोट: स्ट्रॉ' एक प्लास्टिक सिंगल-यूज स्ट्रॉ को संदर्भित करता है।

नोट: ऊपर दिए गए निर्देशों के साथ इस तालिका को पढ़ें।

आपूर्तिकर्ता का प्रकार	आप किसे आपूर्ति कर सकते/ती हैं?	क्या आप शुल्क ले सकते/ती हैं?	क्या आप निर्बाध रूप से स्ट्रॉ दे सकते/ती हैं या यह ज़रूरी है कि आपसे इसकी माँग की जाए?	क्या आपको सबूत माँगने की ज़रूरत है?	क्या आप एक से अधिक स्ट्रॉ दे सकते/ती हैं?	क्या आप स्ट्रॉ खुले में रख सकते/ती हैं?
ऑनलाइन आपूर्तिकर्ता (ऑनलाइन निर्माताओं, उत्पादकों और थोक विक्रेताओं को छोड़कर)	कोई व्यक्ति जिसे विकलांगता या अन्य चिकित्सा आवश्यकता के कारण या उनकी ओर से कार्य करने वाले व्यक्ति/संगठन,जिन्हें प्लास्टिक सिंगल-यूज़ स्ट्रॉ की आवश्यकता होती है।	✓ हाँ	निर्बाध रूप से स्ट्रॉ दे सकते/ती हैं	नहीं, हालाँकि EPA यह सुझाव दे सकता है कि आप यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपूर्ति किसी ऐसे व्यक्ति के लिए है जिसे स्ट्रॉ की आवश्यकता है (या उनकी ओर से कार्य करने वाला कोई व्यक्ति), उचित जाँच करें	✓ हाँ	लागू नहीं होता (कोई दुकान नहीं, लेकिन ऑनलाइन विज्ञापन कर सकते हैं)